प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 22.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री ने सिविल सेवकों को लिखा पत्र, विकसित भारत के निर्माण में हर प्रयास को समायोजित करने का किया आह्वान।**
- **राजधानी रांची में एक मई से तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का होगा आयोजन, वोकल फॉर लोकल को मिलेगा बढ़ावा।**
- **रामगढ़ में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत, भारतीय ज्ञान, परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नई शिक्षण पद्धतियों पर वक्ताओं का जोर।**
- **रांची समेत राज्यभर में विश्व पृथ्वी दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को किया गया जागरूक।**
- **महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज जोहान्सवर्ग में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से, भारतीय टीम मैच जीतकर श्रृंखला में वापसी का करेगी प्रयास।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवकों से विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के साथ अपने हर प्रयास को समायोजित करने का आह्वान किया है। देश के सिविल सेवकों को लिखे पत्र में श्री मोदी ने निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। हाल ही में संपन्न कर्मयोगी साधना सप्ताह में सिविल सेवकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सीखने के इस सप्ताहभर के उत्सव में देश भर के सिविल सेवकों ने हिस्सा लिया।

****

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। श्री प्रकाश ने आज बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और समाजवादी पार्टी नहीं चाहते कि महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिले।

****

महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी प्रवक्ता रितु चौधरी ने आज रांची में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा भ्रम फैला रही है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है।

****

राजधानी रांची के ऑड्रे हाउस में एक से तीन मई तक सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का आयोजन होगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची में प्रेसवार्ता में बताया कि इसका आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "वोकल फॉर लोकल" और आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है। श्री सेठ ने बताया कि कार्यक्रम का उदघाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे, जबकि समापन समारोह में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल होंगे।

****

राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक अट्ठाइस अप्रैल को दोपहर बाद तीन बजे से होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली इस बैठक में राज्यहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

****

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर नई दिल्ली में आज आयोजित अंतर–मंत्रालयी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने देश में एलपीजी, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल और डीजल की सामान्य आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं।

****

रामगढ़ जिले के राधा गोबिंद विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय ज्ञान, परंपरा, शिक्षा मूल्यों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नई शिक्षण पद्धतियों पर विचार विमर्श करना है। इस मौके पर संपूर्णानंद विश्वविद्यालय बनारस के कुलपति प्रो0 डॉ बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि भारत की ज्ञान, परंपरा विश्व के पटल पर जड़ों को मजबूत करना है।

****

दुमका जिले में चल रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के तहत कुपोषण दूर करने और पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

****

राजधानी समेत राज्यभर में आज विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोहरदगा, गुमला, चतरा, लोहरदगा, साहिबगंज और खूंटी समेत अन्य जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया।

****

रांची पुलिस ने एक जमीन कारोबारी की कल हुई हत्या मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो हथियार, आठ गोली, तीन मोबाइल और करीब छह हजार रूपये नकद बरामद किया गया है।

****

राज्य में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। पलामू, बोकारो, सरायकेला, पूर्वी तथा पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक चौबीस से अट्ठाइस अप्रैल तक कई जिलों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इस अवधि में आंधी और वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर चेतावनी जारी की गयी है।

****

पांच मैचों की महिला टी–ट्वेंटी श्रृंखला के तीसरे मैच में आज जोहान्सवर्ग में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार रात साढ़े नौ बजे शुरू होगा। दक्षिणी अफ्रीकी टीम पहले दो मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम करने के लिए उतरेगी। वहीं भारतीय टीम मैच जीतकर श्रृंखला में वापसी का प्रयास करेगी।

******समाप्त*******